# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL, PATIALA
## FINAL EXAMINATION (19 March 2026)
### Subject : Hindi (Set - A)
### Class - V

Time: 3 hrs. MM: 80

प्र1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो। (5)

1) प्रार्थना 2) शैतानी 3) कोहरा 4) रहस्य 5) स्मरण

प्र2. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाओः (3)

1) वजह 2) पोथी 3) शिकायत

प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो। (Short Answers) (5)

क) समीर के पिता जी और माता जी क्या काम करते थे?
ख) नारद जी किस कार्य के लिए प्रसिद्ध है?
ग) पाठ के आधार पर बताइए कि जिस दिन आसमान में बादल आते है उस दिन सूर्य क्या करता है?
घ) अनमोल सब बच्चों की लाइन बनवाकर उन्हें क्या करवाता है?
ङ) नारद जी के हाथ में रखी पोथी में किनके नाम थे?
च) कवि ने सूरज को किसके समान बताया है?

प्र4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखो। (long Answers) (6)

क) सूरज के उगने पर क्या-क्या होता है?
ख) पहले नंबर पर अपना नाम सुन कर सुश्रुत ने क्या किया?
ग) मास्टर जी ने समीर को काम धंधे पर लगाने की बात उसके पिता जी से क्यों कही?

प्र5. लिंग बदलो (3)

1) किशोर 2) श्रमिक 3) वीर 4) नेता 5) सहपाठी 6) होनहार

प्र6. वचन बदलो (3)

1) स्त्री 2) धेनु 3) नेता 4) कौआ 5) हथियार 6) इरादा

प्र7. विलोम शब्द (3)

1) जड़ 2) ताज़ा 3) उपकार 4) अनुकूल 5) कटु 6) तीव्र

प्र8. अनेक शब्दों के लिए एक शब्दः (6)

क) जो बोलने वाला हो -
ख) जो पढ़ा लिखा न हो -
ग) जो तीन रंग का हो -
घ) जो अभिनय करती हो -
ङ) जो बड़ों की आज्ञा मानने वाला हो -
(च) जो विज्ञान का जानकार हो -

प्र9. पर्यायवाची शब्द (दो- दो) (5)

1) झंडा 2) निर्धन 3) किनारा 4) गाय 5) रास्ता

Scanned with OKEN Scanner

प्र10क) जिस समय में कोई .............. होती है, वह उसका काल होता है। (4)

ख) क्रिया के जिस रूप से कार्य के आने वाले समय में होने का बोध हो उसे ........... काल कहते है।

ग) भूत काल किसे कहते है?

प्र11. काल बताइए: (3)

क) रोहन सदैव कक्षा मे प्रथम आता है।

ख) वह घर देर से लौटा था।

ग) शायद आज वर्षा होगी।

घ) हवा से पेड़ झूम रहे थे।

ङ) मीरा मधुर भजन गा रही है।

च) मै सुबह जल्दी उठ जाऊँगा।

प्र12. सही शब्द पर (✓) का निशान लगाओ। (MCQ) (10)

1) अनन्त ने अनमोल को शरारत करने की सलाह दी।

क) सही ☐ ख) गलत ☐

2) और दिनों की तरह आज भी जमा दिया खूब ..........

क) अखाड़ा ☐ ख) अँधेरा ☐

3) वह वाक्य किसने किससे कहा?

"मै आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ"?

क) सुश्रुत ने नारद जी से ☐ ख) नारद जी ने सुश्रुत से ☐

4) नारद जी ने रहस्य पर से ............ हटाते हुए कहा।

क) दर्पण ☐ ख) परदा ☐

5) 'चकित' का अर्थ है –

क) हैरान ☐ ख) परेशान ☐

6) कौन-सा शब्द सही है?

क) मुफ़त ☐ ख) मुफ़्त ☐

7) यह वाक्य किसने, किससे कहा?

"मास्टर जी, इसको मारो। पीटो। पर सुधारो।"

क) अनन्त के पिता जी ने मास्टर से ☐ ख) समीर के पिता जी ने मास्टर से ☐

8) .......... कथाएँ हमें जीवन की सही राह दिखाती है।

क) पौराणिक ☐ ख) मौखिक ☐

9) कौन-सा शब्द सही है?

क) ऊषा ☐ ख) उषा ☐

10) दिन भर की .......... से थक कर जो सोया था जागा।

क) अफरा-तफरी ☐ ख) आपा-धापी ☐

Scanned with OKEN Scanner

13. **निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए:** (4)

क) शाबाश तुमने तो कमाल कर दिया

ख) क्या तुम अपने माता पिता की आज्ञा नहीं मानते

ग) भगवान की नज़रों में अमीर गरीब छोटे बड़े सब समान है

घ) माँ डाटते हुए "ऐसी हरकत दोबारा मत कराना।"

**प्र14. निम्नलिखित में से कौन-सा लाघव चिह्न है?** (2)

क) 1) 0 ☐ 2) ? ☐

ख) कौन-सा चिह्न विवरण चिह्न है?

1) ( ) ☐ 2) :- ☐

**प्र15. क्रिया छाँटिए :** (2)

क) बच्चा भागकर माँ की गोद में बैठ गया।

ख) चुटकुला सुनकर सब हँसने लगे।

ग) छात्र परीक्षा दे रहा है।

**प्र16. अपठित गद्यांश** (10)

रेलवे प्लेटफॉर्म का दृश्य बड़ा अनूठा होता है। चारों ओर भीड़, शोरगुल और धक्का-मुक्की। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आती है, भागम-भाग शुरू हो जाती है। सभी यात्री अपने-अपने सामान के साथ गाड़ी में घुसने का प्रयत्न करते हैं। कुली सिर पर सामान रखे दौड़ रहे होते हैं। गार्ड-सीटी देता है. हरी झंडी दिखाता है और गाड़ी चल पड़ती है। थोड़ी देर शांति रहती है कि फिर दूसरी ट्रेन के यात्रियों का रेला आने वाला है। जिन्हें बैंचों पर जगह नहीं मिलती वे अपने सामान पर ही बैठ जाते हैं। ट्रेन की प्रतीक्षा में बैठे यात्री दुकानों से समाचार पत्र, पत्रिकाएँ लेकर पढ़ते हैं। रेलवे प्लेटफॉर्म की दुनिया विचित्र है। हर प्रांत का, हर वर्ग का व्यक्ति यहाँ आपको मिल जाएगा। यहाँ का दृश्य एक 'छोटे भारत' का नमूना कहा जा सकता है।

**प्रश्नों के उत्तर दो:**

1) गाड़ी कब चल पड़ती है?

2) सभी यात्री अपने-अपने सामान के साथ कहाँ घुसने का प्रयत्न करते है?

3) जिन्हें बैंचों पर जगह नहीं मिलती वे कहाँ बैठ जाते है?

4) रेलवे प्लेटफॉर्म पर चारों ओर क्या होता है?

5) निम्नलिखित **शब्दों के अर्थ** गद्यांश में से ढूँढकर लिखें:

क) कोशिश ख) अख़बार ग) रेलगाड़ी घ) अनोखा

6) निम्नलिखित शब्दों के **विलोम शब्द** गद्यांश में से ढूँढकर लिखें: :

क) अशांति ख) बड़े

7) निम्नलिखित **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द** गद्यांश में से ढूँढकर लिखें: :

क) यात्रा करने वाला ख) सामान उठाने वाला

**प्र17.** बड़ी बहन के विवाह के लिए अवकाश लेने के लिए प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखो। (6)

**अथवा**

मित्र की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर बधाई देते हुए पत्र लिखो।

Scanned with OKEN Scanner